# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–1754/24 दिनांक 30.07.24

**अनुस्मारक–1**

**अति आवश्यक / महत्वपूर्ण / समयबद्ध**

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–समस्त जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों (डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन लैबोरेटरी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित) के अक्टूबर–2024 की मुख्य परीक्षा की परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–7279/24 दिनांक 16.07.2024 एवं पत्र संख्या–7486/24 दिनांक 23.07.2024 के क्रम में आपको अवगत कराना है कि समस्त जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षणों (डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन लैबोरेटरी टेक्नीशियन व डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित) के अर्ह छात्र/छात्राएं जिनकी आगामी परीक्षाऐं माह **अक्टूबर–2024** में करायी जानी हैं।

उक्त के क्रम में माह **अक्टूबर–2024** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही निम्नानुसार **दिनांक 24.08.2024** तक जमा कराया जाना है। निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क न जमा होने की दशा में परीक्षा से वंचित होने वाले छात्र/छात्राओं की जिम्मेदारी स्वयं संस्थान की होगी।

**नोटः–इस कार्यालय के पत्र संख्या–7486/24 दिनांक 23.07.2024 का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। परीक्षा शुल्क सिर्फ ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा किया जायेगा, ऑनलाइन जमा करायी गई परीक्षा शुल्क की रसीद पर (Status-Success) होना आवश्यक है, अन्य किसी भी माध्यम से परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।